इस समुद्घातमें लोकपूरण करनेमें चार समय लगते हैं और चार समय जीवप्रदेशोंके शरीर-प्रमाण होनेमें लगते हैं। प्रथम चार समय तक इस जीवके अप्रशस्त कर्मप्रदेशोंके अनुभागकी अनुसमय अपवर्तना और एक समयवाला स्थितिकाण्डकघात होता है। यहाँ जो कार्यविशेष होता है वह आगमसे जान लेना चाहिये।

इतना विशेष है कि लोकपूरण समुद्घातके बाद स्थितिकाण्डकका और अनुभागकाण्डकका उत्कीरणकाल अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होता है। इसके बाद योगनिरोध करता है। पहले बादर काययोग-द्वारा बादर मनोयोग, वचनयोग, उच्छ्वास-निश्वास और काययोगका निरोध करके इसी विधिसे सूक्ष्म काययोगद्वारा सूक्ष्म मनोयोग, वचनयोग, उच्छ्वास-निश्वास और काययोगका निरोध करता हुआ इन करणोंको करता है। प्रथम समयमें पूर्व स्पर्धकोंके नीचे अपूर्व स्पर्धकोंको करता है। उस कालमें जीवप्रदेशोंका भी अपकर्षण करता है। इसके बाद अन्तर्मुहूर्त काल तक कृष्टियोंको करता है। उनको करनेका काल अन्तर्मुहूर्त प्रमाण है। उस कालमें जीवप्रदेशोंका भी अपकर्षण करता जाता है। उसके बाद पूर्वस्पर्धकों और अपूर्वस्पर्धकोंका नाशकर अन्तर्मुहूर्तकाल तक कृष्टिगत योगवाला होता है। उस कालमें सूक्ष्मक्रिया-अप्रतिपाती ध्यानका अधिकारी होता है। उसके बाद योगका निरोध करके अन्तर्मुहूर्तकाल तक शैलेश पदको प्राप्त करता है। तेरहवें गुण-स्थान तक शुक्ल लेश्याका व्यवहार होता है। चौदहवें गुणस्थानमें लेश्याका व्यवहार समाप्त हो जाता है। इसके समुच्छिन्नक्रिया अनिवृत्तिरूप चौथा शुक्लध्यान होता है। यहाँ ध्यानके व्यवहार करनेका कारण कर्मोंका क्षय करना है। इस पदके पूरे होने पर यह जीव सब कर्मोंसे मुक्त होकर एक समयमें सिद्ध पदका अधिकारी होता है। इस प्रकार कर्मोंके क्षय करनेकी विधि समाप्त होती है।

●

विषयसूची

प्रथम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिका पतन होनेपर दिखाई देनेवाले प्रदेशपुंजका प्ररूपणाभेद किस प्रकार है, इसका कथन	१-२
गुणश्रेणिके साथ एक गोपुच्छा श्रेणिके साधनके लिये अल्पबहुत्वका कथन	३
संज्वलनलोभकी दूसरी कृष्टिका तीसरी कृष्टिमें कब तक संक्रमण होता है इसका कथन	५
संज्वलनलोभकी तीसरी कृष्टि सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टिमें कब संक्रमित होती है इस बातका कथन	७
तदनन्तर सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंकी किस क्रमसे उदीरणा होती है इसका निर्देश	८
अन्तिम स्थितिकाण्डकके पतनके समय गुणश्रेणिके पतनका क्रमनिर्देश	९-१०
२०७ संख्याक गाथाका विषयविवेचन	१४
२०७ संख्याक मूलगाथाकी प्रथम भाष्यगाथाका विवेचन	१५
२०९ संख्याक दूसरी भाष्यगाथाका विषयविवेचन	१९
२१० संख्याक तीसरी भाष्यगाथाका विषयविवेचन	२०
२११ संख्याक चौथी भाष्यगाथा का विषयविवेचन	२२
२१२ संख्याक पाँचवीं भाष्यगाथाका विषयविवेचन	२९
२१३ संख्याक मूलगाथाका विषयविवेचन	३६
क्षपणासम्बन्धी प्रथम २१४ संख्याक मूलगाथाका विवेचन	४१
उसकी २१५ संख्याक एक भाष्यगाथाका विवेचन	४९
क्षपणासम्बन्धी २१६ संख्याक दूसरी मूलगाथाका विवेचन	५०
उसकी २१७ संख्याक एक भाष्यगाथाका विवेचन	५१
क्षपणासम्बन्धी २१८ संख्याक मूलगाथाका विषयविवेचन	५३
उक्त मूलगाथाकी १० भाष्यगाथाओं में २१९ संख्याक प्रथम भाष्यगाथाका विषयविवेचन	५५
२२० संख्याक दूसरी भाष्यगाथाका विषयविवेचन	६१
२२१ संख्याक तीसरी भाष्यगाथाका विषयविवेचन	६३
२२२ संख्याक चौथी भाष्यगाथाका विषयविवेचन	६८
२२३ संख्याक पाँचवीं भाष्यगाथाका विषयविवेचन	७१
२२४ संख्याक छठी भाष्यगाथाका विषयविवेचन	७४
२२५ संख्याक सातवीं भाष्यगाथाका विषयविवेचन	७९
२२६ संख्याक सातवीं भाष्यगाथाका विषयविवेचन	८२
२२७ संख्याक नौवीं भाष्यगाथाका विषयविवेचन	८७
२२८ संख्याक दसवीं भाष्यगाथा का विषयविवेचन	८९
२२९ संख्याक क्षपणासम्बन्धी चौथी मूलगाथा का विषयविवेचन	९२
उक्त मूलगाथा की २३० संख्याक प्रथम भाष्यगाथा का विषयविवेचन	९३
२३१ संख्याक द्वितीय भाष्यगाथाका विषयविवेचन	९६
पुरुषवेदके मानसंज्वलनसे क्षपक श्रेणिपर चढ़नेवाले जीवका कथननिर्देश	१०१
माया और पुरुषवेदसे क्षपकश्रेणिपर चढ़े हुए जीवका कथन निर्देश	१०५

लोभ और पुरुषवेदसे क्षपकश्रेणिपर चढ़े हुए जीवका कथननिर्देश १०८
स्त्रीवेदसे क्षपकश्रेणिपर चढ़े हुए जीवका कथननिर्देश ११२
नपुंसकवेदकी पहले होती है इसका निर्देश ११३
अपगतवेदी जीव पुरुषवेद और छह नोकषायका क्षय करता है इसका निर्देश ११४
नपुंसकवेदसे क्षपकश्रेणिपर चढ़े हुए जीवका कथननिर्देश ११५
नपुंसकवेदका क्षय करनेपर सात कर्मोंका क्षय करता है इसका निर्देश ११८
अनन्तर क्षीणकषायी होकर स्थिति-अनुभागका बन्ध नहीं करता इसका निर्देश ११९
वर्गणा खंडके अनुसार ईर्यापथकर्मके लक्षण करनेका कथननिर्देश १२१
पहले गुणस्थानोंकी अपेक्षा इसके गुणश्रेणिनिर्जरा असंख्यातगुणी होनेके कारणका निर्देश १२१
घातिकर्मोंकी क्षपणा सम्यक्त्वके समान होनेका निर्देश १२२
इसके घातिकर्मोंकी उदीरणा कबतक होती है इसका निर्देश १२३
इसके शुक्लध्यानके प्रथम दो भेद क्रम से होते हैं इसका निर्देश १२३
यह जीव द्विचरम समयमें निद्रा और प्रचलाका नाश करता है इसका निर्देश १२४
उसके बाद अन्तिम समयमें तीन घातिकर्मोंका नाश करनेका निर्देश १२५
क्षीणमोह से सम्बन्ध रखनेवाली २३२ संख्याक गाथाका निर्देश १२६
संग्रहणी मूलगाथा २३३ का कथननिर्देश १२८
उसके बाद यह जीव सयोगकेवली हो जाता है इसका निर्देश १३०
आगे केवलज्ञानादिके स्वरूपका विस्तारसे कथन करनेका निर्देश १३१

क्षपणाधिकार चूलिका

इस अनुयोगद्वारमें जिस क्रम से अनन्तानुबन्धी आदि कर्मोंका क्षय होता है इसका निर्देश १३९
मोहनीयकर्मकी आनुपूर्वीसे प्रक्रियाका निर्देश १४१
जीवके संक्रम किस विधिसे किसमें होता है इसका निर्देश १४१
अनुभागमें गुणश्रेणि किस विधि से होती है इसका निर्देश १४२
प्रदेशपुंजकी अपेक्षा गुणश्रेणी किस विधिसे होती है इसका निर्देश १४२
इसके बन्ध और उदयके विषयमें बन्धका निर्देश १४२
बादरसाम्परायिक जीवके अन्तिम समयमें कितनी स्थितिके साथ कौन कर्म बंधता है इसका निर्देश १४३
कृष्टियोंके विषयमें विशेष निर्देश १४३
तीन घातिकर्मोंका उदय कब तक होता है इसका निर्देश करनेवाली गाथाके साथ कषाय-प्राभृतकी समाप्तिका निर्देश १४४
आचार्य परम्पराका निर्देश करनेके साथ गाथासूत्रोंका पूरी तरह छद्मस्थ विवेचन नहीं कर सकता यह बतलाते हुए लघुताका प्रकाश करनेवाले वचन १४५

पच्छिमखंध-अत्थाहियार

आचार्य भट्टारक वीरसेनकी महत्ता बतलानेवाला एक श्लोक १४६
पाँच परमेष्ठियोंकी उपासना करनेका निर्देश १४६
पश्चिमस्कन्ध अर्थाधिकार समस्त श्रुतस्कन्धका चूलिकारूपसे अवस्थित है इसका निर्देश १४७
पश्चिमस्कन्धका स्वरूप निर्देश १४७

कषायप्राभृतमें पश्चिमस्कन्धके कथनका प्रयोजन १४८
अन्तर्मुहूर्त आयुके शेष रहनेपर आवर्जितकरण करनेका निर्देश १४९
उस समय नाम, गोत्र और वेदनीयके प्रदेशपुंजके अपकर्षकी विधिका निर्देश आदि कथन १४९
समुद्घातके क्रमके साथ उसमें होनेवाले कार्योंका निर्देश १५१
लोकपूरण समुद्घातके समय योगकी एक वर्गणा होकर समयोग होता है इसका निर्देश १५७
उस समय चार अघाति कर्मोंकी स्थिति कितनी होती है इसका निर्देश १५७-५८
उस समय अप्रशस्त कर्मोंके अनुभागकी अनुसमय अपवर्तना होनेका नियम १५८
स्थितिकाण्डकका नियम १५९
उतरनेवालेके चार समय किस विधिसे लगते हैं इसका निर्देश १६०
लोकपूरण समुद्घातके बाद स्थितिकाण्डक और अनुभागकाण्डकका नियम १६१
तीनों योगोंके निरोध करनेकी विधिका निर्देश १६२
सूक्ष्मकाययोगीके अपूर्वस्पर्धक करनेकी विधिका निर्देश १६६
कितने काल तक अपूर्व स्पर्धक करता है इसका निर्देश १६८
उसके बाद योगकी कृष्टिकरण विधिका निर्देश १७१
यह करते हुए जीवप्रदेशोंका क्या होता है इसका निर्देश १७६
योगका निरोध होनेपर आयुकर्मके समान शेष कर्म हो जाते हैं इसका निर्देश १८२
तदनन्तर अयोगकेवली हो जाता है इसका निर्देश १८२
अयोगकेवलीके ध्यानका निर्देश १८४
केवलीके ध्यान उपचारसे कहा है इसका निर्देश १८४
इसके बाद सिद्ध होनेका निर्देश १८५
अयोगकेवलीके द्विचरम समयमें ७२ प्रकृतियोंका और चरम समयमें १३ प्रकृतियोंके क्षय होनेका निर्देश १८६
मोक्षपदार्थकी सिद्धि १८७
सिद्ध होनेके बाद लोकाग्रमें उनके अवस्थानका नियम १९०

परिशिष्ट

१. [अ] मूलगाथा और चूर्णिसूत्र १९७
[ब] खवणाहियारचूलिया २०६
[स] पच्छिमखंध-अत्थाहियार २०७
२. अवतरणसूची २०९
३. ऐतिहासिक नाम सूची २११
४. ग्रन्थ-नामोल्लेख २११
५. न्यायोक्ति २११
६. उपदेशभेद २११

शुद्धिपत्र (१-१६ भाग) २१३-२४९

सिरि-जयधवलसहाइदियविरइय-चुण्णिसुत्तसमण्णिदं

सिरि-भगवंतगुणहरभडारओवइट्ठं

कसायपाहुडं

तस्स

सिरि-वीरसेणाइरियविरइया टीका

जयधवला

तत्थ

चारित्तक्खवणा णाम सोडसमो अत्थाहियारो

§ १ सुगमं ।

*** एस कमो ताव जाव सुहुमसांपराइयस्स पढमट्ठिदिखंडयं चरिम-समयअणिवलेविदं ति**

---

* १ यह सूत्र सुगम है ।

विशेषार्थ—सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके प्रथम समयमें जो प्रदेशपुंज दिखाई देता है उसकी श्रेणि प्ररूपणा करनेके प्रसंगसे उदयमें जितना प्रदेशपुंज दिखाई देता है दूसरे समयमें उससे असंख्यातगुणा प्रदेशपुंज दिखाई देता है, तीसरे समयमें उससे असंख्यातगुणा प्रदेशपुंज दिखाई देता है। इस प्रकार यह क्रम गुणश्रेणिशीर्ष तक प्राप्त होकर उससे ऊपर एक स्थितिके प्राप्त होने तक जानना चाहिये। उसके बाद अन्तिम अन्तरस्थिति के प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर विशेष हीन होता हुआ प्रदेशपुंज दिखाई देता है । उससे आगे एक स्थितिमें असंख्यातगुणा प्रदेश-पुंज दिखाई देकर उससे आगे उत्तरोत्तर विशेष हीन प्रदेशपुंज दिखाई देता है । अन्तमें इसी अर्थ को स्पष्ट करनेवाले सूत्र का उल्लेख करके 'यह चूर्णिसूत्र सुगम है' यह लिखा है । इस प्रकार यह उक्त कथन का भाव है। ऐसा यहाँ समझना चाहिये ।

*** इस प्रकार यह क्रम तब तक चलता रहता है जब तक सूक्ष्मसाम्परायिकके प्रथम स्थितिकाण्डकके निर्लेपित (समाप्त) होनेका अन्तिम समय नहीं प्राप्त होता है ।**

§ २ किं कारणं ? एदम्मि अवत्थंतरे वट्टमाणस्स पयदसेढिपरूवणाए भेदाणुवलंभादो। संपहि पढमट्ठिदिखंडयचरिमफालीए णिवदिदाए दिस्समाणपदेसग्गस्स जो परूवणाभेदो तण्णिण्णयकरणट्ठमुत्तरो सुत्तपबंधो—

*** पढमे ट्ठिदिखंडए णिल्लेविदे उदये पदेसग्गं दिस्सदि तं थोवं। बिदियाए ठिदीए असंखेज्जगुणं। एवं ताव जाव गुणसेढिसीसयं। गुणसेढिसीसयादो अण्णा च एक्का ठिदि त्ति असंखेज्जगुणं दिस्सदि।**

§ ३ सुगमं।

*** तत्तो विसेसहीणं जाव उक्कस्सिया मोहणीयस्स ठिदि त्ति।**

§ ४ किं कारणं ? पढमट्ठिदिखंडयचरिमफालीए णिवदिदाए गुणसेढिं मोत्तूण उवरिमासेसट्ठिदिविसेसेसु एगगोपुच्छायारेण दिस्समाणपदेसग्गस्सावट्ठाणदंसणादो। संपहि एदस्सेवत्थस्स विसेसस्स किंचि फुडीकरणं कुणमाणो सुत्तपबंधमुत्तर माढवेइ

*** सुहुमसांपराइयस्स पढमट्ठिदिखंडए पढमसमयणिल्लेविदे गुण-**

---

§ २ इसका कारण क्या है ? कारण कि इस अवस्था विशेषमें विद्यमान जीवके प्रकृत श्रेणिप्ररूपणामें भेद नहीं पाया जाता। अब प्रथम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिका पतन होने पर दिखाई देनेवाले प्रदेशपुंज का जो प्ररूपणाभेद होता है उसका निर्णय करनेके लिये आगे के सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

*** प्रथम स्थितिकाण्डकके निर्लेपित होने पर उदयमें जो प्रदेशपुंज दिखाई देता है वह सबसे अल्प है। दूसरी स्थितिमें उससे असंख्यातगुणा प्रदेशपुंज दिखाई देता है। इस प्रकार यह क्रम तब तक चलता रहता है जब तक कि गुणश्रेणिशीर्ष प्राप्त होता है। गुणश्रेणिशीर्षसे ऊपर जो अन्य एक स्थिति प्राप्त होती है उसमें असंख्यातगुणा प्रदेशपुंज दिखाई देता है।**

§ ३ यह सूत्र सुगम है।

*** उससे आगे मोहनीयकर्मकी उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होने तक उत्तरोत्तर विशेषहीन प्रदेशपुंज दिखाई देता है।**

§ ४ इसका क्या कारण है ? कारण कि प्रथम स्थितिकाण्डककी अन्तिम फालिका पतन होने पर गुणश्रेणिको छोड़कर आगेकी समस्त स्थितिविशेषोंमें एक गोपुच्छाके आकारसे दिखाई देनेवाले प्रदेशपुंजका अवस्थान देखा जाता है। अब इसी अर्थ विशेषका थोड़ा सा स्पष्टीकरण करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

*** सूक्ष्मसाम्परायिकके प्रथम स्थितिकाण्डकके निर्लेपित होनेके प्रथम समयमें**

सेढिं मोत्तूण केण कारणेण सेसिगासु ठिदीसु एयगोपुच्छासेढी जादा त्ति एदस्स साहणट्ठमिमाणि अप्पाबहुअपदाणि ।

§ ५ सुगमं ।

* तं जहा ।

§ ६ सुगमं ।

* सव्वत्थोवा सुहुमसांपराइयद्धा ।

§ ७ सुगमं ।

* पढमसमयसुहुमसांपराइयस्स मोहणीयस्स गुणसेढिणिक्खेवो विसेसाहिओ ।

§ ८ केत्तियमेत्तो विसेसो ? सुहुमसांपराइयद्धाए संखेज्जदिभागमेत्तो ।

* अंतरट्ठिदीओ संखेज्जगुणाओ ।

§ ९ सुगमं ।

* सुहुमसांपराइयस्स पढमट्ठिदिखंडयं मोहणीये संखेज्जगुणं ।

गुणश्रेणिको छोड़कर किस कारणसे शेष स्थितियोंमें एक गोपुच्छाश्रेणि हो गई, इस प्रकार इस अर्थका साधन करनेके लिये अल्पबहुत्वपद जानने योग्य हैं ।

§ ५ यह सूत्र सुगम है ।

* वह अल्पबहुत्व इस प्रकार है ।

§ ६ यह सुगम है ।

* सूक्ष्मसाम्परायिकका काल सबसे अल्प है ।

§ ७ यह सूत्र सुगम है ।

* सूक्ष्मसांम्परायिकके प्रथम समयमें मोहनीय कर्मका गुणश्रेणिनिक्षेप विशेष अधिक है ।

§ ८ विशेषका प्रमाण कितना है ? सूक्ष्मसाम्परायिकके कालके संख्यातवें भागप्रमाण है ।

* अन्तर स्थितियाँ संख्यातगुणी हैं ।

§ ९ यह सूत्र सुगम है ।

* सूक्ष्मसाम्परायिकके मोहनीय कर्मका प्रथम स्थितिकाण्डक संख्यात-गुणा है ।

§ १० सुगमं ।

*** पढमसमयसुहुमसांपराइयस्स मोहणीयस्स ठिदिसंतकम्मं संखेज्जगुणं ।**

§ ११ को गुणगारो ? तप्पाओग्गसंखेज्जरूवाणि । संपहि कधमेदमप्पाबहुअं पयदत्थसाहणमिदि चे ? वुच्चदे—जेणेत्थ अंतरायामादो पढमट्ठिदिखंडयं संखेज्जगुणं जादं तेण पढमट्ठिदिखंडयचरिमफालिदव्वादो अंतरट्ठिदिमेत्तगोपुच्छाओ घेत्तूण अंतरट्ठिदीसु विदियट्ठिदीए सह एयगोवुच्छायारेण णिसिंचिदुं दव्वमत्थि त्ति जाणावणमुहेण पयदत्थसाहणमेदमप्पाबहुअं जादं । अण्णहा अंतरट्ठिदीसु पढमट्ठिदिखंडयायामादो बहुगीसु संतीसु तत्थेव गोपुच्छायागणुववत्तीदो त्ति ।

§ १२ एत्तो प्पहुडि विदियट्ठिदिखंडयेसु वि एसो चेव दिस्समाणपदेसग्गस्स सेढिपरूवणा णिव्वामोहमणुगंतव्वा, विसेसाभावादो । णवरि गुणसेढिसीसए दिस्समाणदव्वमेत्तो पाए असंखेज्जगुणं ण होदि, विसेसाहियं चेव होदि । तत्थ कारणपरूवणा जहा दंसणमोहक्खवणाए सम्मत्तस्स अट्ठवस्सट्ठिदिसंतकम्मादो उवरि मिच्छिदा तहा चेव मिच्छिदूण गेण्हियव्वा । एवमेत्तिएण सुत्तपबंधेण सुहुमसांपराइय-

---

§ १० यह सूत्र सुगम है ।

*** प्रथम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकके मोहनीय कर्मका स्थितिसत्कर्म संख्यातगुणा है ।**

§ ११ गुणकार क्या है ? तत्प्रायोग्य संख्यातरूप गुणकार है ।

शंका—इस समय यह अल्पबहुत्व प्रकृत अर्थका साधन कैसे करता है ?

समाधान—कहते हैं—अतः यहाँ अन्तरायामसे प्रथम स्थितिकाण्डक संख्यातगुणा हो गया है, इसलिये प्रथम स्थितिकाण्डकके अन्तिम फालिद्रव्यसे अन्तर स्थितिप्रमाण गोपुच्छाओंको ग्रहण करके अन्तर स्थितियोंमें द्वितीय स्थितिके साथ एक गोपुच्छाकाररूपसे सिंचित करनेके लिये द्रव्य है इस प्रकारके ज्ञान कराने के द्वारा प्रकृत अर्थका साधन करनेवाला यह अल्पबहुत्व हो जाता है । अन्यथा अन्तरस्थितियोंके प्रथम स्थितिकाण्डकके आयामसे बहुत होनेपर उन्हींमें गोपुच्छाकारकी उत्पत्ति नहीं हो सकती ।

§ १२ इससे आगे द्वितीय स्थितिकाण्डकमें भी यही दिखनेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणि प्ररूपणा व्यामोहको छोड़कर जान लेनी चाहिये, क्योंकि उससे इसमें कोई विशेषता नहीं है । इतना विशेषता है कि गुणश्रेणिशीर्षमें दिखनेवाला द्रव्य इससे प्रायः असंख्यातगुणा नहीं होता है, किन्तु विशेष अधिक ही होता है । इस विषयमें कारणका कथन जिस प्रकार दर्शनमोहनीयकी क्षपणामें सम्यक्त्वकी आठ वर्ष प्रमाण स्थितिसत्कर्मसे ऊपर अनुसन्धान करके कह आये हैं उसी प्रकार अनुसन्धान करके यहाँ ग्रहण कर लेना चाहिये । इस प्रकार इतने सूत्रप्रबन्धके द्वारा सूक्ष्मसाम्परायिकके प्रथम समयसे

पढमसमयप्पहुडि दिज्जमाणदिस्समाणपदेसग्गस्स सेढिपरूवणं कादूण संपहि एत्तो उवरि पुणो वि सुहुमसांपराइयविसयमेव परूवणाविसेसमादीदोप्पहुडि पबंधेण परूवेमाणो सुत्तपबंधमुत्तरं भणइ–

* लोभस्स विदियकिट्टिं वेदयमाणस्स जा पढमट्ठिदी तिस्से पढमट्ठिदीए जाव तिण्णि आवलियाओ सेसाओ ताव लोभस्स विदियकिट्टीदो लोभस्स तदियकिट्टीए संछुब्भदि पदेसग्गं, तेण परं ण संछुब्भदि, सव्वं सुहुमसांपराइयकिट्टीसु संछुब्भदि।

§ १३ सुहुमसांपराइयगुणट्ठाणविसयाए परूवणाए कीरमाणाए अणियट्टिबादरसांपराइयविसयो एसो अत्थपरामरसो कधमसंबद्धो ण होज्ज त्ति ण आसंकणिज्जं, अणियट्टिकरणचरिमसंधीए पुव्वमपरूविदत्थविसेसस्स संभालणं कादूण पच्छा सुहुमसांपराइयविसयपरूपणाए कीरमाणाए मंदबुद्धीणं पि सुहावगमो होदि त्ति एदेणाभिप्पाएण तहा परूवणादो।

§ १४ संपहि एदस्स सुत्तस्सत्थे भण्णमाणे किं पुण कारणं लोभविदियसंगहकिट्टीवेदगपढमट्ठिदीए तिसु आवलियासु सेसासु तत्तो पदेसग्गं तदियकिट्टीए सका-

---

लेकर दिये जानेवाले और दिखनेवाले प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणा करके अब इससे आगे फिर भी सूक्ष्मसाम्परायिकसम्बन्धी ही प्ररूपणाविशेषका प्रारम्भसे लेकर प्रबन्ध द्वारा प्ररूपणा करते हुए आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं।

* **लोभसंज्वलनकी दूसरी कृष्टिका वेदन करनेवाले जीवके जो प्रथम स्थिति होती है उस प्रथम स्थितिकी जब तक तीन आवलियाँ शेष रहती हैं तब तक लोभकी दूसरी कृष्टिसे लोभकी तीसरी कृष्टिमें प्रदेशपुंजको संक्रमित करता है। उसके पश्चात् प्रदेशपुंजको तीसरी कृष्टिमें संक्रमित नहीं करता है। किन्तु समस्त प्रदेशपुंजको सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंमें संक्रमित करता है।**

§ १३ **शंका**—सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थानविषयक प्ररूपणाके करनेपर अनिवृत्तिबादर साम्परायिकविषयक यह अर्थ परामर्श असम्बद्ध कैसे नहीं हो जायेगा ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि अनिवृत्तिकरणकी अन्तिम सन्धिमें पहले नहीं प्ररूपित किये गये अर्थविशेषकी सम्हाल करके पीछे सूक्ष्मसाम्परायिकविषयक प्ररूपणाके करने पर मन्दबुद्धि जीवोंको भी सुखपूर्वक ज्ञान हो जाता है, इसप्रकार इस अभिप्रायसे उस प्रकारसे प्ररूपणा की है।

§ १४ अब इस सूत्रके अर्थका कथन करनेपर क्या कारण है कि लोभसंज्वलनकी दूसरी संग्रह कृष्टि वेदकके प्रथम स्थितिमें तीन आवलियोंके शेष रहनेपर उसमेंसे प्रदेशपुंज तीसरी कृष्टिमें संक्रमित होता है, उसके पश्चात् नहीं, इस प्रकार इसके कारणका कथन करते हैं। यथा—लोभकी

मिज्जदि, ण तत्तो परमिदि एदस्स कारणं वुच्चदे। तं जहा–लोभस्य विदियसंगह-किट्टीदो तदियबादरसांपराइयकिट्टीए उवरि जं पदेसग्गं संकामिज्जदि तं तम्हि चेव संकमणावलियमेत्तकालमविचलसरूवं होदूण चिट्ठदि। पुणो संकमणाओग्गं होदूण एगावलियमेत्तकालेण तं सव्वं चिराणसंतकम्मेण सह सुहुमसांपराइयकिट्टीसु संकामिज्जदे। एवं संकामिदे पुणो उच्छिट्ठावलियमेत्ता पढमट्ठिदी परिसेसा होदूण चिट्ठदि। तेण कारणेण अप्पणो पढमट्ठिदीए जाव तिण्णि आवलियाओ सेसाओ अत्थि ताव लोभस्स विदियकिट्टीपदेसग्गं तदियबादरसांपराइयकिट्टीए उवरि संकामिज्जदि। तत्तो परं तत्थ ण संछुहदि, सव्वं सुहुमसांपराइयकिट्टीसु चेव संछुब्भदि। तदवत्थाए तदियबादरसांपराइयकिट्टीए संकंतदव्वस्स सुहुमकिट्टीसरूवेण णिरवसेसं परिणामेदुं संभवाभावादो।

दूसरी संग्रह कृष्टिमेंसे तीसरी बादर साम्परायिक कृष्टिमें जो प्रदेशपुंज संक्रमित होता है वह उसीमें ही संक्रमणावलिप्रमाण काल तक चलायमान न होकर अवस्थित रहता है। पुनः संक्रमणके योग्य होकर एक आवलिप्रमाण कालके द्वारा वह सब प्राचीन सत्कर्मके साथ सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंमें संक्रमित होता है। इस प्रकार संक्रमित होने पर पुनः उच्छिष्टावलिप्रमाण प्रथम स्थिति शेष रहती है। इस कारणसे अपनी प्रथम स्थितिकी जब तक तीन आवलिप्रमाण स्थिति शेष रहती है तब तक लोभसंज्वलनकी दूसरी कृष्टिका प्रदेशपुंज तीसरी बादरसाम्परायिक कृष्टिमें संक्रमित होता है। उसके पश्चात् उसमें संक्रमित नहीं होता, पूरा द्रव्य सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंमें संक्रमित होता है, क्योंकि उस अवस्थामें तीसरी बादरसाम्परायिक कृष्टिके संक्रमित हुए द्रव्यका सूक्ष्मकृष्टिरूपसे पूरी तरहसे परिणमाना सम्भव नहीं है।

विशेषार्थ—प्रकृतमें सूक्ष्मसाम्परायिकविषयक कथन किया जा रहा है। ऐसी अवस्थामें यहाँ अनिवृत्तिकरण बादरसाम्परायिकसम्बन्धी उक्त कथन किसलिये किया गया है यह एक प्रश्न है, इसका समाधान करते हुए बतलाया गया है, कि लोभ संज्वलनकी दूसरी संग्रहकृष्टिका वेदन करनेवाले जीवके जब तक उसकी प्रथम स्थितिमें तीन आवलीप्रमाण स्थिति शेष रहती है तब तक तो लोभसंज्वलनकी दूसरी संग्रह कृष्टिका प्रदेशपुंज तीसरी संग्रह कृष्टिमें संक्रमित होता रहता है। परन्तु दूसरी संग्रह कृष्टिकी प्रथम स्थितिमें तीन आवलीप्रमाण स्थिति शेष रहनेके बाद उसका प्रदेशपुंज लोभ संज्वलनकी तीसरी संग्रह कृष्टिमें संक्रमित न होकर सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंमें संक्रमित होने लगता है। इस प्रकार इस अर्थविशेषको सूचित करनेके लिये प्रकृतमें यह अनिवृत्तिकरणकी अन्तिम सन्धि विषयक प्ररूपणा की है। यहाँ प्रकृत अर्थकी पुष्टिमें कारणका निर्देश करते हुए यह बतलाया गया है कि लोभसंज्वलनकी दूसरी संग्रह कृष्टिका जो प्रदेशपुंज तीसरी बादरसांपरायिक कृष्टिमें संक्रमित होता है वह संक्रमणावलि काल तक तदवस्थ ही रहता है। उसके बाद एक आवलिप्रमाण कालके द्वारा वह पूरा द्रव्य पुराने सत्कर्मके साथ सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंमें संक्रमित हो जाता है। इस प्रकार संक्रमित होनेके बाद प्रथम स्थितिमें जो तीसरी आवलि बचती है वह उच्छिष्टावलि है। यही कारण है कि यहाँ प्रसंगसे अनिवृत्तिकरण बादरसाम्परायिककी चर्चा आ गई है। शेष कथन सुगम है।

§ १५ एवमेसो पाए सुहुमसांपराइयकिट्टीसु चेव णिरुद्धविदियसंगहकिट्टीए पदेसग्गमोकड्डणासंकमेण संछुहमाणो ताव गच्छदि जाव अप्पणो पढमट्ठिदी आवलियपडिआवलियमेत्ता सेसा त्ति। पुणो तत्थागालपडिआगालवोच्छेदं कादूण पुणो वि समयूणावलियमेत्तपढमट्ठिदिमधट्ठिदीए गालिय समयाहियमेत्तपढमट्ठिदीए सह वट्टमाणो चरिमसमयबादरसांपराइयो जादो। संपहि तदत्थाए वट्टमाणस्स जो परूवणाविसेसो तण्णिद्देसकरणट्ठमुत्तरसुत्तावयारो—

*** लोभस्स विदियकिट्टिं वेदयमाणस्स जा पढमट्ठिदी तिस्से पढमट्ठिदीए आवलियाए समयाहियाए सेसाए ताधे जा लोभस्स तदियकिट्टी सा सव्वा णिरवयवा सुहुमसांपराइयकिट्टीसु संकंता। जा विदियकिट्टी तिस्से दो आवलिया मोत्तूण समयूणे उदयावलिपविट्ठं च सेसं सव्वं सुहुमसांपराइयकिट्टीसु संकंतं। ताधे चरिमसमयबादरसांपराइओ मोहणीयस्स चरिमसमयबंधगो।**

§ १६ एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि। एवमणियट्टिकरणद्धं समाणिय से काले पढमसमयसुहुमसांपराइयभावेण परिणदस्स जो परूवणाविसेसो तण्णिण्णयकरणट्ठमुवरिमो सुत्तपबंधो—

---

§ १५ इस प्रकार यहाँसे लेकर सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंमें ही विवक्षित दूसरी संग्रह कृष्टिका प्रदेशपुंज अपकर्षण संक्रमणके द्वारा संक्रमित होता हुआ तब तक जाता है जब तक अपनी प्रथम स्थिति आवलि प्रत्यावलि प्रमाण शेष रहती है। पुनः वहाँ आगाल प्रत्यागालकी व्युच्छित्ति करके फिर भी एक समय कम आवलिमात्र प्रथम स्थिति अधःस्थितिके द्वारा गलाकर एक समय अधिक प्रथम स्थितिके साथ विद्यमान वह जीव अन्तिम समयवर्ती बादरसाम्परायिक होता है, अब उस अवस्थामें विद्यमान जीवके जो प्ररूपणाविशेष है उसका निर्देश करनेके लिये आगेके सूत्रका अवतार करते हैं—

*** संज्वलन लोभकी दूसरी कृष्टिका वेदन करनेवालेके जो प्रथम स्थिति है उस प्रथम स्थितिमें एक समय अधिक आवलिप्रमाण कालके शेष रहने पर उस समय संज्वलन लोभकी जो तीसरी कृष्टि है वह सब पूरीकी पूरी सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंमें संक्रमित हो जाती है। जो दूसरी कृष्टि है उसके एक समय कम दो आवलिप्रमाण नवकबन्ध और उदयावलि प्रविष्ट प्रदेशपुंजको छोड़कर शेष सब द्रव्य सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंमें संक्रान्त होता है। उस समय यह क्षपक जीव अन्तिम समयवर्ती बादरसाम्परायिक और मोहनीय कर्मका अन्तिम समयवर्ती बन्धक होता है।**

§ १६ ये सूत्र सुगम हैं। इस प्रकार अनिवृत्तिकरणके कालको समाप्त करके तदनन्तर समयमें प्रथम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिकभावसे परिणत हुए इस क्षपकके जो प्ररूपणाविशेष है उसका निर्णय करनेके लिये आगे का सूत्रप्रबन्ध आया है—

*** से काले पढमसमयसुहुमसांपराइओ।**

§ १७ सुगमं।

*** ताधे सुहुमसांपराइयकिट्टीणमसंखेज्जा भागा उदिण्णा।**

§ १८ कुदो ? हेट्ठिमोवरिमासंखेज्जदिभागं मोत्तूण मज्झिमबहुभागसरूवेणेव तासिमुदयणियमदंसणादो। तम्हा हेट्ठिमोवरिमासंखेज्जभागविसयाओ किट्टीओ मोत्तूण सेसमज्झिमबहुभागसरूवेण सुहुमकिट्टीओ पुव्वुत्तेण पदेसविण्णासविसेसेण उदीरेमाणो एसो पढमवसमयसुहुमसांपराइओ जादो त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थसब्भावो। संपहि एत्थ हेट्ठिमोवरिमाणमणुदिण्णकिट्टीणमुदिण्णमज्झिमकिट्टीणं च थोवबहुत्तमेत्थमणुगंतव्वमिदि परूवेमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** हेट्ठा अणुदिण्णाओ थोवाओ।**

§ १९ सुगमं।

*** उवरि अणुदिण्णाओ विसेसाहियाओ।**

§ २० सुगम।

*** तदनन्तर समयमें वह क्षपक प्रथम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक हो जाता है।**

§ १७ यह सूत्र सुगम है।

*** उस समय उसके सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंका असंख्यात बहुभाग उदीर्ण होता है।**

§ १८ क्योंकि अधस्तन और उपरिम असंख्यातवें भागप्रमाण कृष्टियोंको छोड़कर मध्यम बहुभाग स्वरूपसे ही उसके उदय होनेका नियम देखा जाता है। इसलिये अधस्तन और उपरिम असंख्यातवें भागको विषय करनेवाली कृष्टियोंको छोड़कर शेष मध्यम बहुभागरूपसे सूक्ष्मकृष्टियोंकी पूर्वोक्त प्रदेशविन्यासवश उदीरणा करता हुआ यह प्रथम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक हो जाता है। यह यहाँ इस सूत्रका भावार्थ है। अब यहाँ अधस्तन और उपरिम अनुदीर्ण कृष्टियोंका और उदीर्ण हुई मध्यम कृष्टियोंका अल्पबहुत्व जानने योग्य है, इसलिये उसकी प्ररूपणा करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं—

*** अधस्तन भागमें स्थित अनुदीर्ण कृष्टियाँ सबसे अल्प हैं।**

§ १९ यह सूत्र सुगम है।

*** उपरिम भागमें स्थित अनुदीर्ण कृष्टियाँ विशेष अधिक हैं।**

§ २० यह सूत्र सुगम है।

* मज्झे उदिण्णाओ सुहुमसांपराइयकिट्टीओ असंखेज्जगुणाओ ।

§ २१ सुगममेदं पि सुत्तमिदि ण एत्थ वक्खाणायरो। एवमेसा सुहुमसांपराइयस्स पढमसमये उदीरिज्जमाणकिट्टीणं सरूवपरूवणा कदा, एसा चेव विदियादिसमयेसु वि णिरवसेसमणुगंतव्वा। णवरि विदियसमये पुव्वोदिण्णाणं किट्टीणमग्गग्गादो असंखेज्जदिभागं मुंचदि, हेट्ठदो अपुव्वमसंखेज्जदिभागमाघडदे। एवं जाव चरिमसमयसुहुमसांपराइयो त्ति। किट्टीणमणुसमयमोवट्टणाविहाणं च पुव्वं व परूवेयव्वं। ठिदिखंडयादिसेसासेसविसेसपरूवणा च सुगमा त्ति ण पुणो पवंचिज्जदे। एवमेदीए परूवणाए सुहुमसांपराइयद्धमणुपालेमाणस्स जाधे ठिदिखंडयसहस्साणि णाणावरणादिकम्माणमणुभागखंडयसहस्साविणाभावीणि गदाणि ताधे मोहणीयस्स अपच्छिमठिदिखंडयमागाएमाणो एदेण विहाणेणागाएदि त्ति पदुप्पायणट्ठं सुत्तमुत्तरं भणइ—

* सुहुमसांपराइयस्स संखेज्जेसु ठिदिखंडयसहस्सेसु गदेसु जमपच्छिमं ठिदिखंडयं मोहणीयस्स तम्हि ट्ठिदिखंडये उक्कीरमाणे जो

---

* मध्य भागमें स्थित उदीर्ण होनेवाली सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियां असंख्यातगुणी हैं।

§ २१ यह सूत्र भी सुगम है, इसलिये इस विषयमें व्याख्यान-विषयक आदर नहीं है। इस प्रकार यह सूक्ष्मसाम्परायिकके प्रथम समयमें उदीरणाको प्राप्त होने वाली कृष्टियोंके स्वरूपकी प्ररूपणा की। तथा यही प्ररूपणा द्वितीयादि समयमें भी पूरी तरहसे जान लेना चाहिये। इतनी विशेषता है कि पहले उदीर्ण हुई कृष्टियोंके अग्राग्रभागसे असंख्यातवें भागको छोड़ देता है तथा अधस्तन अपूर्व असंख्यातवें भागको भली प्रकार घटित करता है। इस प्रकार सूक्ष्मसाम्परायिक कृष्टियोंके अन्तिम समय तक जानना चाहिये। कृष्टियोंकी प्रतिसमय अपवर्तना-विधिको पहलेके समान कथन करना चाहिये। स्थितिकाण्डक आदिकी शेष सम्पूर्ण विशेषप्ररूपणा सुगम है, इसलिये उसका पुनः विस्तार नहीं करते हैं। इस प्रकार इस प्ररूपणाके अनुसार सूक्ष्मसाम्परायिकके कालका पालन करनेवाले क्षपक जीवके ज्ञानावरणादि कर्मोंके हजारों अनुभागकाण्डकोंके अविनाभावी हजारों स्थिति-काण्डक जब व्यतीत हो जाते हैं तब मोहनीयकर्मके अन्तिम स्थितिकाण्डकको ग्रहण करता हुआ 'इस विधिसे ग्रहण करता है' इस बातका कथन करने के लिये आगेके सूत्रको कहते हैं—

* सूक्ष्मसाम्परायिकके संख्यात हजार स्थितिकाण्डकोंके व्यतीत हो जाने पर जो मोहनीय कर्मका अन्तिम स्थितिकाण्डक है उस स्थितिकाण्डकके उत्कीण

मोहणीयस्स गुणसेढिणिक्खेवो तस्स गुणसेढिणिक्खेवस्स अग्गग्गादो संखेज्जदिभागो आगाइदो ।

§ २२ एदस्स सुत्तस्स अत्थो वुच्चदे । तं जहा—संखेज्जेसु ट्ठिदिखंडयसहस्सेसु जहावुत्तेण कमेण गदेसु तदो मोहणीयस्स चरिमट्ठिदिखंडयमेसो गेण्हमाणो पढमसमयसुहुमसांपराइएण जो गुणसेढिणिक्खेवे सगद्धादो विसेसाहियभावेण णिक्खित्तो तस्स गुणसेढिणिक्खेवस्स अग्गग्गादो संखेज्जदिभागमागाएदि । सुहुमसांपराइयद्धामेत्तं सेसं परिसेसिय जेत्तिओ सो विसेसुत्तरो णिक्खेवो तं सव्वमेव कंडयसरूवेणागाएदि त्ति वुत्तं होइ । ण केवलमेत्तियं चेव गेण्हइ, किंतु तत्तो उवरिमाओ वि ठिदीओ गुणसेढिसीसयादो संखेज्जगुणमेत्तीओ चरिमट्ठिदिखंडयसरूवेण गेण्हइ, ताहिं विणा गुणसेढिसीसयस्स गहणासंभवादो । सो च सुत्ते तहा णिद्देसो णत्थि त्ति ण चासंकणीयं, तस्साणुत्तसिद्धत्तादो । तम्हा गुणसेढिसीसएण सह उवरिमाओ अंतोमुहुत्तमेत्तीओ तत्तो संखेज्जगुणाओ ट्ठिदीओ घेत्तूण मोहणीयस्स चरिमट्ठिदिखंडयमेत्तो णिव्वत्तेदि त्ति एसो एत्थ सुत्तत्थ समुच्चओ ।

§ २३ संपहि चरिमट्ठिदिखंडयस्स पढमसमये उक्कीरमाणपदेसग्गस्स सेढिपरूवणं सुत्तसूचिदं वत्तइस्सामो । तं कधं ? ताधे चेव पढमफालीदव्वमाकड्डियूण उदये

किये जाने पर जो मोहनीय कर्मका गुणश्रेणी-निक्षेप है उस गुणश्रेणि-निक्षेपके अग्राग्रभागसे संख्यातवें भागको घात करनेके लिये ग्रहण करता है ।

§ २२ अब इस सूत्रका अर्थ कहते हैं । यथा—संख्यात हजार स्थिति-काण्डकोंके यथोक्त क्रमसे बीत जाने पर पश्चात् मोहनीय कर्मके अन्तिम स्थितिकाण्डकको यह क्षपक ग्रहण करता हुआ प्रथम समयमें सूक्ष्मसाम्परायिकके द्वारा गुणश्रेणी-निक्षेपमें अपने कालसे विशेष अधिकरूपसे जिस द्रव्यको निक्षिप्त किया है उस गुणश्रेणि निक्षेपके अग्राग्रभागसे संख्यातवें भागको ग्रहण करता है । सूक्ष्मसाम्परायिकके कालप्रमाण शेषको अवशिष्ट रखकर जितना विशेष अधिक द्रव्य निक्षिप्त किया है उस सबको काण्डकरूपसे ग्रहण करता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । वह केवल इतनेको ही नहीं ग्रहण करता है किन्तु उससे उपरिम जो गुणश्रेणिशीर्षसे संख्यातगुणी स्थितियाँ हैं उन्हें भी अन्तिम स्थिति-काण्डकरूपसे ग्रहण करता है, क्योंकि उसके बिना गुणश्रेणि-शीर्षका ग्रहण करना असम्भव है । यद्यपि सूत्रमें उस बातका उस प्रकारसे निर्देश नहीं किया है सो ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि उक्त कथन अनुक्तसिद्ध है । इसलिये गुणश्रेणिशीर्षके साथ उससे संख्यातगुणी उपरिम अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितियोंको ग्रहण करके मोहनीय कर्मके अन्तिम स्थितिकाण्डकको यह क्षपक रचित करता है । यह यहाँ पर इस सूत्रका समुच्चयरूप अर्थ है ।

§ २३ अब प्रथम समयमें अन्तिम स्थितिकाण्डकके उत्कीर्ण होने वाले प्रदेशपुंजकी सूत्रसे सूचित होनेवाली श्रेणी-प्ररूपणा को बतलावेंगे ।

शंका—वह कैसे ?

पदेसग्गं थोवं देदि । से काले असंखेज्जगुणं देदि । एवमसंखेज्जगुणाए सेढीए णिक्खिवमाणो गच्छदि जाव सुहुमसांपराइयचरिमसमयो त्ति । एवं चेव एण्हिं मोहणीयस्स गुणसेढिसीसयमिदि घेत्तव्वं । तत्तो उवरिमाणंतरट्ठिदीए असंखेज्जगुणहीणं देदि । तत्तो विसेसहीणं णिक्खिवमाणो गच्छदि जाव चिराणगुणसेढिसीसयं पत्तो त्ति । तदो उवरिमाणंतराए एक्किस्से ठिदीए असंखेज्जगुणहीणं णिक्खिवदि । तत्तो परं सव्वत्थ विसेसहीणं चेव णिक्खिवदि जाव अप्पणो चरिमट्ठिदिमइच्छावणावलियमेत्तेण अपत्तो त्ति । एवं विदियादिफालीसु वि णिवदिमाणियासु एरिसी चेव दिज्जमाणपदेसग्गस्स सेढिपरूवणा णिव्वामोहमणुगंतव्वा जाव चरिमट्ठिदिखंडयस्स दुचरिमफालि त्ति ।

§ २४ पुणो चरिमफालिदव्वं घेत्तूण उदये पदेसग्गं थोवं देदि, से काले असंखेज्जगुणं । एवमसंखेज्जगुणाए सेढीए णिक्खिवमाणो गच्छदि जाव सुहुमसांपराइयचरिमट्ठिदि त्ति । गुणगारो वि दुचरिमट्ठिदीए णिक्खित्तपदेसग्गादो चरिमट्ठिदीए णिक्खित्तपदेसग्गस्स असंखेज्जाणि पलिदोवमपढमवग्गमूलाणि । एदस्स कारणं जहा दंसणमोहक्खवगस्स चरिमफालीए णिवदिदाए सम्मत्तस्स परूविदं तहा चेव परूवेदव्वं, विसेसाभादो एवमेदम्मि ठिदिखंडए णिल्लेविदे तदो प्पहुडि मोहणीयस्स ठिदिघादादिकिरियाओ ण संभवंति, केवलमधट्ठिदीए चेव अंतोमुहुत्तमेत्तीओ चेव ठिदीओ णिज्जरेदि त्ति इदमत्थविसेसं पदुप्पाएमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

समाधान—क्योंकि उसी समय प्रथम फालिके द्रव्यका अपकर्षण करके उदयमें उसके स्तोक प्रदेशपुंजको देता है । तदनन्तर समयमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजको देता है । इस प्रकार असंख्यातगुणी श्रेणिरूपसे निक्षिप्त करता हुआ सूक्ष्मसाम्परायिकके अन्तिम समय तक जाता है । इसी प्रकार इस समय मोहनीय कर्मके गुण-श्रेणिशीर्षको ग्रहण करना चाहिये । उसके बाद उपरिम अनन्तरस्थितिमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजको देता है । उसके आगे पुरानी गुणश्रेणिके शीर्षके प्राप्त होने तक विशेषहीन निक्षेप करता हुआ जाता है । उसके आगे उपरिम अनन्तर एक स्थितिमें असंख्यात गुणे हीन प्रदेशपुंजका निक्षेप करता है । उसके आगे अतिस्थापनावलिको प्राप्त किये बिना उसके पूर्व अपनी अन्तिम स्थिति तक सर्वत्र विशेषहीन ही प्रदेशपुंजका निक्षेप करता है । इसी प्रकार दूसरी आदि फालियोंके भी पतित होनेपर दीयमान प्रदेशपुंजकी श्रेणिप्ररूपणाके व्यामोहके बिना इसी प्रकारकी अन्तिम स्थितिकाण्डकके द्विचरम-फालिके प्राप्त होने तक जाननी चाहिये ।

§ २४ पुनः अन्तिम फालिके द्रव्यको ग्रहण करके उदयमें स्तोक प्रदेशपुंजको देता है । तदनन्तर समयमें असंख्यातगुणे प्रदेशपुंजको निक्षिप्त करता है । इस प्रकार उत्तरोत्तर असंख्यातगुणित श्रेणिरूपसे निक्षिप्त करता हुआ सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थानको अन्तिम स्थितिके प्राप्त होने तक निक्षिप्त करता है । गुणकार भी द्विचरम स्थितिमें निक्षिप्त होने वाले प्रदेशपुंजसे अन्तिम स्थितिमें निक्षिप्त होनेवाला प्रदेशपुंज पल्योपमके असंख्यात प्रथम वर्गमूल-प्रमाण है । इस कारण दर्शनमोहनीय की क्षपणा करने वाले जीवके अन्तिम फालिके पतनके समय सम्यक्त्व प्रकृतिके विषयमें जिस प्रकार प्ररूपित कर आये हैं उसी प्रकार प्ररूपित करना चाहिये, क्योंकि उसके कथनसे

*** तम्हि ठिदिखंडये उक्किण्णे तदोप्पहुडि मोहणीयस्स णत्थि ठिदिघादो ।**

§ २५ सुगममेदं सुत्तं । णाणावरणादिकम्माणं पुण ठिदि-अणुभागघादा एत्तो उवरि वि पयट्टंति चेव, तत्थ पडिबंधाभावादो ।

*** जत्तियं सुहुमसांपराइयद्धाए सेसं तत्तियं मोहणीयस्स ठिदिसंतकम्मं सेसं ।**

§ २६ चरिमट्ठिदिखंडए णिल्लेविदे सुहुमसांपराइद्धासेसमेत्तं चेव मोहणीयस्स ठिदिसंतकम्ममवसिट्ठं । तं च जहाकममधट्ठिदीए णिज्जरेदि त्ति एवमेत्तिए अत्थविसेसे परूविय समत्ते तदो सुहुमसांपराइयस्स परूवणा समप्पइ त्ति वुत्तं होइ ।

इसके कथनमें कोई विशेषता नहीं है । इस प्रकार इस स्थितिकाण्डकके निर्लेपित हो जाने पर वहांसे लेकर मोहनीय कर्मकी स्थितिघात आदि क्रियाएँ सम्भव नहीं हैं । केवल प्रथम स्थितिकी ही अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितियोंकी निजरा होती है । इस प्रकार इस अर्थविशेषका प्ररूपण करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं–

*** उस स्थितिकाण्डकके उत्कीर्ण होने पर वहाँसे आगे मोहनीय कर्मका स्थितिघात नहीं होता ।**

§ २५ यह सूत्र सुगम है, परन्तु ज्ञानावरणादि कर्मोंके स्थितिकाण्डकघात और अनुभागकाण्डकघात इससे आगे भी प्रवृत्त रहते ही हैं, क्योंकि उनके वैसा होनेमें प्रतिबन्धका अभाव है ।

*** इस अवस्थामें सूक्ष्मसाम्परायिकका जितना काल शेष रहता है उतने ही मोहनीय कर्मका स्थिति-सत्कर्म शेष रहता है ।**

§ २६ अन्तिम स्थितिकाण्डकके निर्लेपित हो जाने पर सूक्ष्मसाम्परायिकका जितना काल शेष रहता है उतना ही मोहनीय कर्मका स्थिति सत्कर्म-अवशिष्ट रहता है और वह क्रमसे अधःस्थितिके द्वारा निर्जरित होता है । इस प्रकार इतने अर्थ विशेषकी प्ररूपणा करके समाप्त होने पर उसके बाद सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थानकी प्ररूपणा समाप्त होती है । यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

विशेषार्थ––सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक अपने अन्तिम समयमें चारित्रमोहनीय कर्मका समूल अभाव करके अगले समयमें क्षीणमोह गुणस्थानमें प्रवेश करता है, इसलिये वह चारित्रमोहनीय कर्मके अन्तिम स्थिति-काण्डकमें जिन द्रव्योंको सम्मिलित कर उस स्थिति-काण्डकका फालिक्रमसे पतन करता है उनका विवरण इस प्रकार है–(१)दसवें गुणस्थानके प्रारम्भमें जिस गुणश्रेणीकी रचनाका प्रारम्भ किया था उसका आयाम दसवें गुणस्थानके कालसे कुछ अधिक होता है, इसलिये

---

१. ता० प्रतौ उवरीक इति पाठः ।

§ २७ एवमेत्तिएण पबंधेण सुहुमसांपराइय-गुणट्ठाणपज्जंतं किट्टीवेदगस्स परूवणं समाणिय संपहि एदम्हि चेव किट्टीवेदगद्धाए पडिबद्धाणं सुत्तगाहाणं पुव्वमविहासिदाणमेण्हिमवयारं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

*** इदाणिं सेसाणं गाहाणं सुत्तफासो कायव्वो ।**

§ २८ को सुत्तफासो णाम ? सूत्रस्य स्पर्शः सूत्रस्पर्शः । पुव्वमत्थमुहेण विहासिदाणं गाहासुत्ताणमेण्हिमुच्चारणपुरस्सरमवयवत्थपरामरसो सुत्तफासो त्ति भणिदं होदि । सो इदाणिं कायव्वो त्ति सुत्तत्थो । एत्थ सेसग्गहणेण किट्टीसु पडिबद्धाणमेक्कारसण्हं मूलगाहाणं मज्झे जाओ पुव्वं थवणिज्जभावेण ठविदाओ दो मूलगाहाओ तासिं गहणं कायव्वं, उपर्युक्तादन्यच्छेशः इति वचनात् ।

*** तत्थ ताव दसमी मूलगाहा ।**

वह क्षपक उस गुणश्रेणि-निक्षेपके सबसे आगेके भागसे संख्यातवें भागके द्रव्यको उस अन्तिम स्थिति-काण्डकमें सम्मिलित करता है, (२) वह क्षपक इसके साथ ही उस गुणश्रेणिशीर्षसे मोहनीय कर्मकी जो स्थितियाँ संख्यातगुणी रहती हैं उन्हें भी उस स्थितिकाण्डक रूपसे ग्रहण करता है। इस प्रकार यह क्षपक इस गुणस्थानमें जिस अन्तिम स्थिति-काण्डककी रचना करता है। उसका फालिक्रमसे पतन करके क्रमसे प्रथमस्थितिमें स्थित अन्तर्मुहूर्तप्रमाण स्थितियोंकी अधःस्थितिके द्वारा निर्जरा करके यह क्षीणमोह गुणस्थानको प्राप्त होता है।

§ २७ इस प्रकार इतने प्रबन्धके द्वारा सूक्ष्मसाम्परायिक गुणस्थान तक कृष्टिवेदककी प्ररूपणा समाप्त करके अब इसी कृष्टिवेदकके कालसे सम्बन्ध रखने वाली तथा पहले विभाषित नहीं की गई सूत्रगाथाओंका इस समय अवतार करते हुए आगेके सूत्रको कहते हैं–

*** इस समय शेष गाथाओंका सूत्ररूपसे स्पर्श करना चाहिये ।**

§ २८ **शंका**—सूत्रस्पर्श किसे कहते हैं ?

समाधान—सूत्रका स्पर्श सूत्रस्पर्श है। पहले अर्थ-मुखसे विशेषरूपसे व्याख्यात गाथासूत्रोंके इस समय उच्चारणपूर्वक गाथासूत्रके प्रत्येक पदका परामर्श (स्पष्टीकरण) करना सूत्रस्पर्श कहलाता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है। उसे इस समय करना चाहिये। यह उक्त सूत्रका अर्थ है। यहाँ पर उक्त सूत्रमें 'शेष' पदके ग्रहण करनेसे कृष्टियोंके विषयमें सम्बन्ध रखनेवाली ग्यारह मूलगाथाओंके मध्य स्थगित करनेके अभिप्रायसे जो दो मूल गाथाएं स्थगित की गई थीं उनका ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि पूर्वोक्तसे अन्य शेष कहलाता है। ऐसा नीतिका वचन है।

*** उनमें सर्वप्रथम यह दसवीं मूल-गाथा है ।**

§ २९ तत्थ ताव दसमी मूलगाहा समुक्कित्तियव्वा त्ति वुत्तं होइ ।

* (१५४) किट्टीकदम्मि कम्मे के बंधदि के व वेदयदि अंसे ।
संकामेदि च के के केसु असंकामगो होदि ॥२०७॥

§ ३० एसा दसमी मूलगाहा पुव्वद्धेण किट्टीवेदगस्स पडिणियदट्ठिदे वट्टमाणस्स ट्ठिदिअणुभागबंधपमाणावहारणट्ठं, तस्सेव तदवत्थाए अणुभागोदयविसेसमवेसणट्ठं च समोइण्णा । पुणो पच्छद्धेण वि तदवत्थाए तस्स पयडि-ट्ठिदिअणुभाग-पदेससंकमो केरिसो होदूण पयट्टदि, किमविसेसेण, आहो अत्थि को वि विसेसो त्ति इममत्थविसेसं पदुप्पाएदुमोइण्णा ।

§ ३१ तं जहा 'किट्टीकदम्मि कम्मे' पुव्वमकिट्टीसरूवे मोहणीयकम्मे णिरवसेसं किट्टीसरूवेण परिणमिदे[1], तदो किट्टीवेदगभावे पयट्टमाणो 'के बंधदि के व वेदयदि अंसे' केसिं कम्माणं, किं पमाणाओ ट्ठिदीओ अणुभागे वा बंधदि वेदेदि त्ति वा पुच्छिदं होदि । एवं विहाणं पुच्छाणं विसेसणिण्णयमुवरि भासगाहासंबंधेण वत्तइस्सामो गाहापच्छद्धे 'के के' कम्मंसे पयडिआदिमेयमिण्णे संकामेदि । 'केसु वा अंसेसु

§ २९ उन दो गाथाओंमें सर्वप्रथम दसवीं मूलगाथाकी समुत्कीर्तना करनी चाहिये यह उक्त कथनका तात्पर्य है ।

* (१५४) मोहनीय कर्मके कृष्टिरूपसे परिणमा देनेपर किन-किन कर्मोंको कितने प्रमाणमें बाँधता है, किन-किन कर्मोंको कितने प्रमाणमें वेदता है, किन-किन कर्मोंका संक्रमण करता है और किन-किन कर्मोंके विषयमें असंक्रामक होता है ॥२०७॥

§ ३० यह दसवीं मूलगाथा है जो अपने पूर्वार्द्धद्वारा प्रतिनियत स्थानमें विद्यमान कृष्टिवेदकके स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये तथा उसीके उस अवस्थामें अनुभागके उदय-विशेषका अनुसंधान करनेके लिये अवतरित हुई है। पुनः पश्चिमार्धद्वारा भी उस अवस्थामें उसके प्रकृति, स्थिति, अनुभाग और प्रदेशोंका संक्रम किस प्रकारका होकर प्रवृत्त होता है ? क्या विशेषताके बिना प्रवृत्त होता है या किसी प्रकारकी विशेषता भी है, इस प्रकार इस अर्थविशेषका प्रतिपादन करनेके लिये अवतरित हुई है ।

§ ३१ यथा—'किट्टीकदम्मि कम्मे' पहले अकृष्टिस्वरूप मोहनीय कर्मके कुछ शेष छोड़े बिना पूरेके पूरे कृष्टिस्वरूपसे परिणमित होने पर, तदनन्तर कृष्टियोंके वेदकपनेसे प्रवृत्तमान यह क्षपक जीव 'के बन्धदि के व वेदयदि अंसे' किन कर्मोंके कितने प्रमाणवाली स्थितियों और अनुभागोंको बाँधता है और वेदता है, यह पृच्छा की गई है । इस प्रकारकी पृच्छाओंका विशेष निर्णय आगे भाष्यगाथाओंके सम्बन्धसे बतलावेंगे तथा गाथाके उत्तरार्द्धमें 'के के' किन किन कर्मोंके प्रकृति आदिके भेदसे

१. परिणामिदे प्रे० का० ।

असंकामगो[1] होदि त्ति सुत्तत्थसंबंधो। एसो च पुच्छाणिद्देसो आणुपुव्वीसंकमादिविसेस-मुवेक्खदे। एदस्स च विसेसणिण्णयं पुरदो कस्सामो। एवमेदीए मूलगाहाए पुच्छा-मेत्तेण णिद्दिट्ठाणमत्थविसेसाणं विहासणे कीरमाणे तत्थ इमाओ पंच भासगाहाओ होंति त्ति पदुप्पाएमाणो सुत्तमुत्तरमाह—

*** एदिस्से पंच भासगाहाओ।**

§ ३२ सुगमं।

*** तासिं समुक्कित्तणा।**

§ ३३ सुगमं। संपहि तासिं पंचण्हं भासगाहाणं जहाकममेव समुक्कित्तणं विहासणं च कुणमाणो तत्थ ताव पढमभासगाहाए समुक्कित्तणं कुणइ, 'यथोद्देशस्तथा निर्देशः' इति न्यायात्।

*** (१५५) दससु च वस्सस्संतो बंधदि णियमा दु सेसगे अंसे।**
देसावरणीयाइं जेसिं ओवट्टणा अत्थि ॥२०८॥

भेदको प्राप्त हुए कर्म-प्रदेशोंको संक्रमाता है। साथ ही 'केसु वा' किन कर्मोंके कितने भागका असंक्रामक होता है? इस प्रकार यह इस मूल सूत्र गाथाका अर्थके साथ सम्बन्ध है और यह मूल सूत्र गाथामें की गई पृच्छाका निर्देश आनुपूर्वी संक्रम आदि विशेषकी अपेक्षा करता है और इसका विशेष निर्णय आगे करेंगे। इस प्रकार इस मूलगाथाके द्वारा पृच्छामात्रसे निर्दिष्ट किये गये अर्थ-विशेषोंकी विभाषा करने पर उस विषयमें ये पाँच भाष्यगाथायें हैं, इस बातका कथन करते हुए आगेके सूत्र को कहते हैं—

*** इस मूलगाथा सूत्रकी पांच भाष्य-गाथायें हैं।**

§ ३२ यह सूत्र सुगम है।

*** उनकी समुत्कीर्तना करते हैं।**

§ ३३ यह सूत्र सुगम है।

अब उन पाँच भाष्य-गाथाओंकी यथाक्रम ही समुत्कीर्तना और विभाषा करते हुए वहाँ सर्वप्रथम प्रथम भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना करते हैं, क्योंकि उद्देशके अनुसार निर्देश किया जाता है ऐसा न्याय है।

*** क्रोधसंज्वलनकी प्रथम कृष्टिके वेदकके अन्तिम समयमें मोहनीय कर्मके बिना शेष तीन कर्मोंकी अर्थात् तीन घातिकर्मोंकी नियमसे दस वर्षके भीतर अर्थात् अन्तर्मुहूर्त कम दस वर्ष प्रमाण स्थितिका बन्ध करता है तथा इन कर्मोंमें जिनकी अपवर्तना सम्भव है उनका देशघातिरूपसे बन्ध करता है [तथा जिन कर्मोंकी अपवर्तना सम्भव नहीं है उनका सर्वघातिरूपसे बन्ध करता है।] ॥२०८॥**

---

१. ॰व संकामगो प्रे॰ का॰।

§ ३४ एसा पढमभासगाहा । एदीए किट्टीवेदगस्स पडिणियदुद्देसे वट्टमाणस्स तिण्हं घाइकम्माणं ट्ठिदि-अणुभागबंधपमाणणिद्देसो कओ दट्ठव्वो । संपहि एदिस्से अवयवत्थो वुच्चदे । तं जहा–'दससु च वस्सस्संतो । एवं भणिदे कोहपढमकिट्टीवेदग-चरिमसमये दसण्हं वस्साणमंतो ट्ठिदिं बंधदि—अंतोमुहुत्तूणदसवस्सपमाणेण ट्ठिदिं बंधदि त्ति वुत्तं होइ । 'णियमा दु' णिच्छयेणेव 'सेसगे अंसे' मोहणीयवज्जाणं तिण्हं घाइकम्माणमिदि वुत्तं होइ । मोहणीयस्स वि ट्ठिदिबंधपमाणणिद्देसो एदेणेव सूचिदो दट्ठव्वो । तिण्हं घाइकम्माणं पि ट्ठिदिबंधपमाण-णिद्देसो एत्थेव सूचिदो त्ति घेत्तव्वो, सुत्तस्सेदस्स देसामासयत्तादो ।

§ ३५ संपहि गाहापच्छद्धस्सत्थो वुच्चदे । तं जहा–'देसावरणीयाइं' देसघा-दीणि चेव बंधदि । 'जेसिमोवट्टणा अत्थि' एवं भणिदे घादिकम्मेसु जेसिं कम्माण-मोवट्टणा संभवइ तेसिं देसघादीणं चेव बंधगो होदि त्ति वुत्तं होइ । जेसिं पुण ओवट्टणाए णत्थि संभवो ताणि सव्वघादीणि चेव बंधदि त्ति एसो वि अत्थो एत्थेव णिलीणो त्ति वक्खाणेयव्वो । ओवट्टणासण्णा च पुव्वमेव परूविदा त्ति ण पुणो परूविज्जदे । संपहि एदस्सेव गाहासुत्तत्थस्स फुडीकरणट्ठमुवरिमं विहासागंथमाढवेइ–

* एदिस्से गाहाए विहासा ।

---

§ ३४ यह प्रथम भाष्यगाथा है । इसके द्वारा प्रतिनियत स्थानमें विद्यमान कृष्टिवेदक क्षपकके तीन घातिकर्मोंके स्थिति-बन्ध और अनुभाग-बन्धके प्रमाणका निर्देश किया गया जानना चाहिये । अब इस भाष्यगाथाके प्रत्येक पदका अर्थ कहते हैं । यथा—'दससु च वस्सस्संतो' इस प्रकार कहने पर संज्वलन क्रोधकी प्रथम कृष्टिका वेदक अन्तिम समयमें दस वर्षोंके भीतर स्थितिको बाँधता है अर्थात् अन्तर्मुहूर्त कम दसवर्षप्रमाण स्थितिको बाँधता है यह उक्त कथनका तात्पर्य है । 'णियमा दु' निश्चयसे ही 'सेसगे अंसे' मोहनीयकर्मको छोड़कर तीन घातिकर्मोंकी [दस वर्षोंके भीतर स्थितिको बाँधता है] यह उक्त कथनका तात्पर्य है । मोहनीयकर्मके भी स्थितिबन्धके प्रमाणका निर्देश इसी वचनसे सूचित किया गया जानना चाहिये । तीन घातिकर्मोंके भी स्थितिबन्धके प्रमाणका निर्देश इसी वचनसे ही सूचित हो गया, ऐसा ग्रहण करना चाहिये, क्योंकि यह भाष्य-गाथासूत्र देशामर्षक है ।

§ ३५ अब इस भाष्यगाथाके उत्तरार्धका कथन करते हैं । यथा–'देसावरणीयाइं' देशघातियोंको ही बाँधता है । 'जेसिमोवट्टणा अत्थि' ऐसा कहनेपर घातिकर्मोंमें जिन कर्मोंकी अपवर्तना सम्भव है उन घातिकर्मोंमें देशघातियोंका ही बन्धक होता है । यह उक्त कथनका तात्पर्य है । परन्तु जिन घातिकर्मोंकी अपवर्तनाका होना सम्भव नहीं है उन्हें सर्वघाति रूपसे ही बाँधता है । इस प्रकार यह अर्थ भी इसी भाष्यगाथामें ही गर्भित है ऐसा व्याख्यान करना चाहिये । अपवर्तना संज्ञाका पहले ही कथन कर आये हैं, इसलिये यहाँ उसका पुनः कथन नहीं किया जाता है । अब इसी भाष्यगाथा सूत्रका स्पष्टीकरण करनेके लिये आगेके विभाषाग्रन्थको आरम्भ करते हैं—

* अब इस भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं ।

---

१. ओवट्टणा प्रे० का० ।

§ ३६ सुगमं ।

* एदीए गाहाए तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो च अणुभागबंधो च णिद्दिट्ठो ।

§ ३७ सुगममेदं पि सुत्तं; परिप्फुडमेवेत्थ तदुभयणिद्देसदंसणादो ।

* तं जहा ।

§ ३८ सुगमं ।

* कोहस्स पढमकिट्टिचरिमसमयवेदगस्स तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो संखेज्जेहिं वस्ससहस्सेहिं परिहाइदूण दसण्हं वस्साणमंतो जादो ।

§ ३९ सुगममेदं पि भाहापुव्वद्धपडिबद्धं विहासासुत्तमिदि ण एत्थ किंचि वक्खाणेयव्वमत्थि ।

* अथाणुभागबंधो तिण्हं घादिकम्माणं किं सव्वघादी देसघादि त्ति ?

§ ४० सुगममेदं पुच्छावक्कं ।

---

§ ३६ यह सूत्र सुगम है ।

*** इस भाष्यगाथा द्वारा तीन घातिकर्मोंके स्थितिबन्ध और अनुभागबन्धका निर्देश किया गया है ।**

§ ३७ यह सूत्र भी सुगम है, क्योंकि स्पष्टरूपसे ही इस भाष्यगाथामें उन दोनों विषयोंका निर्देश देखा जाता है ।

*** वह जैसे ।**

§ ३८ यह सूत्र सुगम है ।

*** क्रोध संज्वलनकी प्रथम कृष्टिके अन्तिम समयवर्ती वेदकके शेष तीन घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध संख्यात हजार वर्षोंसे घटकर दस वर्षके भीतर हो जाता है ।**

§ ३९ गाथाके पूर्वार्धसे सम्बन्ध रखने वाला यह विभाषासूत्र भी सुगम है, इसलिये यहाँ इस सम्बन्धमें कुछ भी व्याख्यान करने योग्य नहीं है ।

*** तीन घातिकर्मोंका अनुभागबन्ध क्या सर्वघाति होता है या देशघाति होता है ।**

§ ४० यह पृच्छा वाक्य-सुगम है ।

*** एदेसिं घादिकम्माणं जेसिमोवट्टणा अत्थि ताणि देसघादीणि बंधदि, जेसिमोवट्टणा णत्थि ताणि सव्वघादीणि बंधदि ।**

§ ४१ सुगमं ।

*** ओवट्टणासण्णा पुव्वं परूविदा[1] ।**

§ ४२ गयत्थमेदं पि सुत्तं, ओवट्टणा-सण्णाए पुव्वमेव सुविचारिदत्तदो । तदो केवलणाणदंसणावरणीयाणमोवट्टणाविरहिदाणं सव्वघादिओ चेवाणुभागबंधो, सेसाणमोवट्टणपयडीणं खओवसमसत्तिसंजुत्ताणं देसघादिओ चेवाणुभागबंधो एदम्मि विसये पयट्टदि; देसघादिकरणादो पाये तत्थ पयारंतरासंभवादो त्ति एसो एदस्स विहासागंथस्स गाहापच्छद्धपडिबद्धस्स समुदायत्थो । एवमेत्तिएण विहासागंथेण पढमभासगाहाए अत्थविहासणं समाणिय संपहि विदियभासगाहाए समुक्कित्तणं विहासणं च कुणमाणो उवरिमं पबंधमाढवेइ ।

*** एत्तो विदियाए भासगाहाए समुक्कित्तणा ।**

§ ४३ सुगमं ।

*** इन घातिकर्मोंमें जिनकी अपवर्तना होती है उन्हें देशघाति रूपसे बाँधता है तथा जिनकी अपवर्तना नहीं होती है उन्हें सर्वघातिरूपसे बाँधता है ।**

§ ४१ यह सूत्र सुगम है ।

*** अपवर्तना संज्ञाका पहले कथन कर आये हैं ।**

§ ४२ यह सूत्र भी गतार्थ है, क्योंकि अपवर्तना संज्ञाका पहले ही अच्छी तरह विचार कर आये हैं । इसलिये अपवर्तनासे रहित केवलज्ञानावरणीय और केवलदर्शनावरणीय सर्वघाति ही अनुभाग-बन्ध होता है, तथा क्षयोपशमशक्तिसे संयुक्त शेष अपवर्तना प्रकृतियोंका देशघाति ही अनुभागबन्ध इस स्थानमें प्रवृत्त होता है, क्योंकि देशघातिकरणसे लेकर इस स्थानमें उन प्रकृतियोंका अन्य प्रकार सम्भव नहीं है । जिन कर्मोंके देशघातिस्पर्धक होते हैं उन कर्मोंकी अपवर्तना संज्ञा है । इस प्रकार उक्त भाष्यगाथाके उत्तरार्धसे सम्बन्ध रखनेवाले इस विभाषाग्रन्थका यह समुच्चयरूप अर्थ है । इस प्रकार इतने विभाषाग्रन्थके द्वारा प्रथम भाष्यगाथाके अर्थका विशेष व्याख्यान समाप्त करके अब दूसरी भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना और विभाषा करते हुए आगेके प्रबन्धको आरम्भ करते हैं—

*** यह दूसरी भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना है ।**

§ ४३ यह सूत्र सुगम है ।

---

[1] पुव्वपरूविदा ता०

* तं जहा ।

§ ४४ सुगमं ।

* (१५६) चरिमो बादररागो णामागोदाणि वेदणीयं च ।
वस्सस्संतो बंधदि दिवसस्संतो य जं सेसं ॥२०९॥

§ ४५ एसा विदियगाहा अणियट्टिकरणचरिमसमये मोहणीयवज्जाणं सव्वेसिं कम्माणं ट्ठिदिबंधपमाणावहारणट्ठमोइण्णा, परिप्फुडमेवेत्थ तहाविहत्थणिद्देसदेसणादो । एदस्स च गाहासुत्तस्स अवयवत्थपरूवणा सुगमा । संपहि एदस्सेव गाहासुत्तत्थस्स फुडीकरणट्ठमुवरिमं विहासागंथमाह ।

* विहासा ।

§ ४६ सुगमं ।

* जहा ।

§ ४७ सुगमं ।

---

* वह जैसे ।

§ ४४ यह सूत्र सुगम है ।

*** नौवें गुणस्थानमें अन्तिम समयवर्ती बादर साम्परायिक क्षपक नामकर्म, गोत्रकर्म और वेदनीयकर्मको एक वर्षके अन्तर्गत बाँधता है और जो शेष तीन घातियाकर्म (ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय कर्म) हैं उनको एक दिवसके अन्तर्गत बाँधता है ॥२०९॥**

§ ४५ यह दूसरी भाष्यगाथा अनिवृत्तिकरण क्षपकके अन्तिम समयमें मोहनीयकर्मको छोड़कर शेष सभी कर्मोंके स्थितिबन्धके प्रमाणका अवधारण करनेके लिये अवतरित हुई है, क्योंकि स्पष्टरूपसे ही इस भाष्यगाथामें उस प्रकारके अर्थका निर्देश देखा जाता है । किन्तु इस गाथासूत्रके अवयवोंकी अर्थप्ररूपणा सुगम है । अब इसी गाथासूत्रको स्पष्ट करनेके लिये आगेके विभाषा ग्रन्थको कहते हैं—

*** अब इस भाष्यगाथाकी विभाषा करते हैं ।**

§ ४६ यह सूत्र सुगम है ।

*** वह जैसे ।**

§ ४७ यह सूत्र सुगम है ।

* चरिमसमयबादर सांपराइयस्स णामागोदवेदणीयाणं ट्ठिदिबंधो वस्सं देसूणं। तिण्हं घादिकम्माणं मुहुत्तपुधत्तो ट्ठिदिबंधो।

§ ४८ एदाणि दो वि सुत्ताणि सुगमाणि। णवरि मोहणीयस्स चरिमो ट्ठिदिबंधो अंतोमुहुत्तमेत्तो सुपसिद्धो त्ति ण एदम्मि गाहासुत्ते परूविदो। एवं तिदियभासगाहाए अत्थविहासणं समाणिय संपहि तदियभासगाहाए विहासणट्ठमुवरिमं सुत्तपबंधमाह।

* एत्तो तदियाए भासगाहाए समुक्कित्तणा।

§ ४९ सुगमं।

* तं जहा।

§ ५० सुगमं।

* चरिमो य सुहुमरागो णामागोदाणि वेदणीयं च।
दिवसस्संतो बंधदि भिण्णमुहुत्तं तु जं सेसं ॥२१०॥

§ ५१ एसा तदियभासगाहा चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स छण्हं कम्माणं ट्ठिदिबंधपमाणमेत्तियं होदि त्ति पदुप्पायणट्ठमोइण्णा। तं जहा—'चरिमो य सुहुम-

---

* अन्तिम समयवर्ती बादरसाम्परायिक क्षपकके नामकर्म, गोत्रकर्म और वेदनीयकर्मका स्थितिबन्ध एक वर्षसे कुछ कम होता है।

तथा तीन घातिकर्म ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायकर्मका स्थितिबन्ध मुहूर्तपृथक्त्वप्रमाण होता है।

§ ४८ ये दोनों ही सूत्र सुगम हैं। इतनी विशेषता है कि मोहनीय कर्मका अन्तिम स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्त प्रमाण सुप्रसिद्ध है, इसलिये इसका कथन इस भाष्यगाथामें नहीं किया है। इस प्रकार इस दूसरी भाष्यगाथाके अर्थकी विभाषा समाप्त करके अब तीसरी भाष्यगाथाकी विभाषा करनेके लिये आगेके सूत्रप्रबन्धको कहते हैं—

* अब इससे आगे तीसरी भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना करते हैं।

§ ४९ यह सूत्र सुगम है।

* वह जैसे।

§ ५० यह सूत्र सुगम है।

* अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपक जीव नामकर्म, गोत्रकर्म और वेदनीयकर्मको एक दिवसके भीतर बाँधता है तथा शेष जो तीन घातिकर्म ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तरायकर्म हैं उन्हें भिन्नमुहूर्तप्रमाण बाँधता है ॥२१०॥

§ ५१ यह तीसरी भाष्यगाथा अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसांपरायिक क्षपकके छह कर्मोंके स्थितिबन्धका प्रमाण इतना होता है, इस बातका कथन करनेके लिये अवतरित हुई है। यथा—'चरिमो य सुहुमरागो' अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसांपरायिक जीव 'णामा-गोदाणि वेदणीयं च' नाम, गोत्र और वेदनीय इन तीन अघाति कर्मोंको 'दिवसस्संतो बन्धदि' संख्यात मुहूर्तप्रमाण बाँधता है यह उक्त

रागो' चरिमसमयसुहुमसांपराइओ 'णामागोदाणि वेदणीयं च' एदाणि तिण्णि अघादिकम्माणि दिवसस्संतो बंधदि, संखेज्जमुहुत्तपमाणेण बंधदि त्ति वुत्तं होइ, णामागोदाणमट्ठमुहुत्तमेत्तट्ठिदिबंधदंसणादो, वेदणीयस्स बारसमुहुत्तमेत्तट्ठिदिबंधदंसणादो त्ति। 'भिण्णमुहुत्तं तु जं सेसं, एदेण सुत्तावयवेण वुत्तसेसाणं तिण्हं घादिकम्माणमंतोमुहुत्तमेत्तो सुहुमसांपराइयचरिमसमयविसओ ट्ठिदिबंधो होदि त्ति एसो अत्थविसेसो जाणाविदो। संपहि एदस्सेव गाहासुत्तत्थस्स फुडीकरणट्ठमुवरिमो विहासागंथो।

* विहासा।

§ ५२ सुगम।

* चरिमसमयसुहुमसांपराइयस्स णामागोदाणं ट्ठिदिबंधो अट्ठमुहुत्ता[1]।

वेदणीयस्स ट्ठिदिबंधो बारसमुहुत्ता।

तिण्हं घादिकम्माणं ट्ठिदिबंधो अंतोमुहुत्तो।

§ ५३ एदाणि सुत्ताणि सुगमाणि। एवमेदाहिं तीहिं भासगाहाहिं 'के बंधदि' त्ति एदस्स मूलगाहावयवस्स अत्थो भणिदो। संपहि 'के व वेदयदि अंसे। इच्चेदं मूलगाहासुत्तावयवमस्सियूण किट्टीवेदगस्स घादिकम्माणमणुभागोदयविसेसगवेसणट्ठं चउत्थीए भासगाहाए समुक्कित्तणं कुणमाणो सुत्तमुत्तरं भणइ—

कथनका तात्पर्य है, क्योंकि नामकर्म और गोत्रकर्मका आठ मुहूर्तप्रमाण स्थितिबन्ध देखा जाता है तथा वेदनीय कर्मका बारह मुहूर्तप्रमाण स्थितिबन्ध देखा जाता है। 'भिण्णमुहुत्तं च जं सेसं' इस भाष्यगाथा सूत्रके अन्तिम चरणसे पहले कहे गये तीन अघाति कर्मोंसे शेष रहे जो तीन घातिकर्म उनका अन्तर्मुहूर्त प्रमाण स्थितिबन्ध सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके अन्तिम समयमें होता है। इस प्रकार इस अर्थविशेषका ज्ञान कराया गया है। अब गाथा सूत्रके इसी अर्थको स्पष्ट करनेके लिये आगेका विभाषा ग्रन्थ आया है—

*** अब इस भाष्यगाथासूत्रकी विभाषा करते हैं।**

§ ५२ यह सूत्र सुगम है।

*** अन्तिम समयवर्ती सूक्ष्मसाम्परायिक क्षपकके नामकर्म और गोत्रकर्मका स्थितिबन्ध आठ मुहूर्तप्रमाण होता है।**

वेदनीय कर्मका स्थितिबन्ध बारह मुहूर्तप्रमाण होता है।

तथा तीन घातिकर्मोंका स्थितिबन्ध अन्तर्मुहूर्तप्रमाण होता है।

§ ५३ ये तीनों सूत्र सुगम हैं। इस प्रकार इन तीन भाष्यगाथाओं द्वारा 'के बन्धदि' इस मूलसूत्र गाथासम्बन्धी अवयवका अर्थ कहा। अब 'के व वेदयदि अंसे' इस प्रकार इस मूल गाथासूत्रसम्बन्धी अवयवका आश्रय करके कृष्टिवेदकके घातिकर्मोंके अनुभागके उदयविशेषका अनुसन्धान करनेके लिये चौथी भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना करते हुए आगेका सूत्र कहते हैं—

---

१. अंतोमुहुत्त प्रे० का०।

* एत्तो चउत्थीए भासगाहाए समुक्कित्तणा ।

§ ५४ सुगमं ।

* (१५८) अध मदि-सुद-आवरणे[1] च अंतराइए च देसमावरणं ।
लद्धी य[2] वेदयदे सव्वावरणं अलद्धी य ॥२११॥

§ ५५ एसा चउत्थी भासगाहा णाणावरणदंसणावरण–अंतराइयाणं तिण्हं मूलपयडीणं जाओ उत्तरपयडीओ खओवसमसत्तिसहगदाओ तासिमणुभागोदयो एदस्स किट्टीवेदगक्खवगस्स देसघादीओ सव्वघादीओ वा होदूण पयट्टदि त्ति एदस्स अत्थविसेसस्सपदुप्पायणट्ठमोइण्णा । संकामणपट्ठवगस्स विदियभासगाहासंबंधेण पुव्वमेवंविहो अत्थविसेसो सवित्थरं विहासिदो चेव, पुणो किमट्ठमेण्हिमाढविज्जदि त्ति णासंका कायव्वा, किट्टीवेदगसंबंधेण विसेसियूण पुणो वि तप्परूवणाए दोसाणुवलंभादो । एदिस्से चउत्थभासगाहाए किंचि अवयवत्थपरूवणं कस्सामो । तं जहा—अथेत्यय

---

* इससे आगे चौथे भाष्यगाथाकी समुत्कीर्तना करते हैं।

§ ५४ यह सूत्र सुगम है।

* जो लब्धिसंज्ञावाले (क्षयोपशमसंज्ञक) मतिज्ञानावरण, श्रुतज्ञानावरण और पाँच अन्तराय कर्म हैं तथा (भाष्यगाथासूत्रमें आये हुए 'च' पदसे गृहीत अवधिज्ञानावरण, मनःपर्ययज्ञानावरण, चक्षुदर्शनावरण, अचक्षुदर्शनावरण और अवधिदर्शनावरण कर्म हैं) उन सबका देशावरणरूपसे वेदन करता है; तथा अलब्धि संज्ञावाले जिन कर्मोंका क्षयोपशम नहीं हुआ है उन कर्मोंका सर्वघातिरूपसे वेदन करता है ॥२११॥

§ ५५ यह चौथी भाष्यगाथा ज्ञानावरण, दर्शनावरण और अन्तराय इन तीन मूल प्रकृतियोंकी क्षयोपशमशक्तिसे युक्त जो उत्तरप्रकृतियाँ हैं उनके अनुभागका उदय इस कृष्टिवेदक क्षपकके देशघातिरूप होकर प्रवृत्त होता है या सर्वघातिरूप होकर प्रवृत्त होता है इस प्रकार इस अर्थविशेषका प्रतिपादन करनेके लिये अवतीर्ण हुई है।

शंका—संक्रामण प्रस्थापकके दूसरी भाष्यगाथाके सम्बन्धसे पहले ही इस प्रकारके अर्थविशेषकी विस्तारके साथ विभाषा कर आये हैं, इसलिये इस समय इसको पुनः किसलिये आरम्भ किया जाता है ?

समाधान—ऐसी आशंका नहीं करनी चाहिये, क्योंकि कृष्टिवेदकके सम्बन्धवश विशेषरूपसे फिर भी उसके प्ररूपण करनेमें कोई दोष नहीं पाया जाता ?

---

१. अथ सुद-मदिआवरणे हि० ।

२. लद्धी यं प्रे० का० ।

निपातः पादपूरणेऽथवाणुवशमीकरणे[1] वा द्रष्टव्यः। 'सुद-मदि आवरणे च' एवं भणिदे सुदणाणावरणीये मदिणाणावरणीये च अणुभागमेसो वेदंतो देसमावरणं देसघादि, सरूवमेदेसिमणुभागं वेदेदि त्ति वुत्तं होइ।

§ ५६ एत्थ च सद्दणिद्देसेण 'ओहि-मणपज्जवणाणावरणीयाणं चक्खु-अचक्खु-ओहिदंसणावरणीयाणं च गहणं कादव्वं, तेसिं पि खओवसमलद्धिसंभववसेण देसघादि-अणुभागोदयसंभवं पडि विसेसाभावादो। ण केवलमेदेसिं चेव कम्माणमणुभागमेसो देसघादिसरूवं वेदेदि, किंतु 'अंतराइए[2] च' पंचंतराइयपयडीणं पि देसावरणसरूवमणुभागमेसो वेदयदे, लद्धिकम्मंसत्तं पडि विसेसाभावादो त्ति वुत्तं होइ। कुदो एवमेदेसिं कम्माणमणुभागोदयस्स देसघादित्तसंभवो जादो त्ति आसंकाए इदमाह—'लद्धी यं' जं जम्हा खओवसमलद्धी एदेसिं कम्माणमेत्थ संभवइ, तम्हा देसघादिसरूवमेदेसिमणुभागं वेदेदि त्ति भणिदं होदि।

§ ५७ एवमेदेण एदेसिं कम्माणमणुभागोदयस्स देसघादित्तसंभवं पदुप्पाइय संपहि तदेयंतावहारणणिरायरणमुहेण सव्वघादिसरूवो वि एदेसिं वुत्तासेसकम्माणमणु-

---

अब इस चौथी भाष्यगाथाके अवयवोंके किंचित् अर्थकी प्ररूपणा करेंगे। यथा—इस भाष्यगाथा सूत्रमें 'अध' यह निपात पादपूरण अर्थमें जानना चाहिये या अनुपशमीकरण के अर्थमें जानना चाहिये। 'सुद-मदि आवरणे च' ऐसा कहने पर श्रुतज्ञानावरणीय और मतिज्ञानावरणीयके अनुभागको यह क्षपक वेदन करता हुआ देशावरणरूपसे ही वेदन करता है अर्थात् इन कर्मोंका देशघाति स्वरूप अनुभागका वेदन करता है, यह उक्त कथनका तात्पर्य है।

